University in News on 15 March 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पांच अगस्त से नए सत्र की कक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

विवि में सत्र नियमित करने की तैयारी शुरू, 31 जुलाई तक प्रवेश पूरा करने का लक्ष्य

लखनऊ। कोरोना के कारण पीछे चल रहे शैक्षिक सत्र को लखनऊ विवि में नियमित करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके अनुसार शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्नातक व परास्नातक की पहले सेमेस्टर की कक्षाएं पांच अगस्त से शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही परीक्षा, प्रवेश आदि के लिए भी डेडलाइन तय कर दी गई है।

सोमवार को अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने विवि के अफसरों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। उन्होंने शैक्षिक सत्र नियमित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए ठोस कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके बाद विवि प्रशासन ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि 2022-23 से शैक्षिक सत्र को नियमित किए जाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से 28 अप्रैल के बीच कर परिणाम सात मई तक घोषित कर दिया जाए। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं जून से 15 जुलाई के बीच की जाएं। परिणाम 31 जुलाई तक घोषित कर दिया जाए। इसी क्रम में नए सत्र 2022-23 में स्नातक व परास्नातक कोर्सों में प्रवेश 31 जुलाई तक पूरा करके पांच अगस्त से कक्षाएं नियमित कर दी जाएं। सभी डीन, हेड व सहयुक्त कॉलेजों के प्राचार्यों को इसकी सूचना भेजते हुए, इससे संबंधित आवश्यक कार्रवाई अभी से शुरू करने को कहा है।

केमेस्ट्री के प्रैक्टिकल 25 को

लखनऊ। लखनऊ विवि व सहयुक्त महाविद्यालयों के बीएससी तीसरे सेमेस्टर केमेस्ट्री के छूटे छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 मार्च को सुबह नौ बजे से विभाग में आयोजित होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण सेठी के अनुसार विद्यार्थी 500 रुपये शुल्क जमा करके इसमें शामिल हो सकेंगे।

एलएलबी इंटीग्रेटेड का परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों के एलएलबी इंटीग्रेटेड तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार विद्यार्थी परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : कैंपस से दिया जाएगा बैंक ड्राफ्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2020-21 की काउंसिलिंग में सीट न पाने वाले 617 अभ्यर्थियों का अग्रिम शुल्क रिफंड नहीं किया जा सका है। ऐसे में अब लखनऊ विवि की ओर से इनका बैंक ड्राफ्ट मुख्य कैंपस स्थित शिक्षा विभाग सेहँड-टू-हैंड दिया जाएगा। अभ्यर्थी बैंक ड्राफ्ट विवि के शिक्षा शास्त्र विभाग के कार्यालय से 20 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 से दोपहर चार बजे के बीच उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। आधार कार्ड की मूल प्रति और एक फोटो कॉपी, बीए प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र की एक फोटो कॉपी लेकर आना जरूरी होगा। राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि बैंक ड्राफ्ट अन्य किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ विवि खोलेगा तितली गैलरी

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने सोमवार को बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर भीमताल के साथ तितलियों के संरक्षण व संवर्धन पर काम करने के लिए एमओयू किया। साथ ही लखनऊ विवि जल्द ही इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज में बटरफ्लाई सेंटर की मदद से तितली गैलरी भी खोलेगा। एमओयू पर विवि से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व सेंटर के निदेशक पीटर स्मेटाचेक ने हस्ताक्षर किए। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एलएलबी नियमित व बैक पेपर के रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के एलएलबी इंट्रीगेटेड तृतीय सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर की परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। ये परीक्षा दिसंबर 2021 में वेबसाइट पर रिजल्ट है

भीमताल में बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर के लिए हस्ताक्षर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज में बटरफ्लाई सेंटर की मदद से तितली गैलरी खोलने की तरफ अग्रसर है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर भीमताल के निदेशक पीटर स्मेटाचेक ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

i-NEXT PAGE 4

कैंपस से बीएड कैंडीडेट्स को बैंक ड्राफ्ट

खाते का गलत विवरण देने वाले कैंडीडेट्स की सूची वेबसाइट पर जारी

लाने होंगे ये डाक्यूमेंट्स

- आधारकार्ड की मूल प्रति
- एक पासपोर्ट साइज फोटो
- बीएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेशपत्र की फोटो कॉपी

करीब 617 कैंडीडेट्स ने आनलाइन आवेदन के समय खाते का विवरण गलत भरा था.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी बीएड प्रवेश परीक्षा की काउंसिलिंग में शामिल होने वाले ऐसे कैंडीडेट्स को बैंक ड्राफ्ट के जरिए शुल्क वापस करेगा, जिन्होंने खाते का गलत विवरण भरा था. पहले इन कैंडीडेट्स से ईमेल पर विवरण मांगा गया था, लेकिन यूनिवर्सिटी ने अब 20 मार्च तक इन सभी को समय दिया है. इस दौरान किसी भी कार्यदिवस में वे यूनिवर्सिटी के शिक्षा शास्त्र विभाग में अपना आधार कार्ड और प्रवेश पत्र की फोटोकॉपी के साथ आकर बैंक ड्राफ्ट ले सकते हैं.

617 के खाते में गड़बड़ी

बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि बीएड 2020 की काउंसिलिंग में जिन कैंडीडेट्स को किसी भी महाविद्यालय में सीट आवंटित नहीं हो पाई थी. उन्हें मुख्य काउंसिलिंग में जमा किया गया 5000 रुपये अथवा पूल काउंसलिंग में जमा किया 51250 रुपये बैंक खाते में भेजना था. 617 कैंडीडेंट्स ने आनलाइन आवेदन के समय खाते का विवरण गलत भर दिया था. जिससे खाते में पैसा वापस नहीं भेजा जा सका है.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि व बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर, भीमताल के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर, भीमताल के निदेशक पीटर स्मेटाचेक ने सोमवार को दोनों संस्थानों के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज और भीमताल के बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर के बीच तितलियों के वायोडायवर्सिटी से संबंधित विषयों में साथ में शोध करने, वर्कशॉप व ट्रेनिंग करने तथा लैब सुविधा आदान प्रदान करने को लेकर तय हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही अपनी इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज में बटरफ्लाई सेंटर की मदद से तितली गैलरी खोलने की तरफ अग्रसर है।

एलएलबी नियमित व बैक पेपर का रिजल्ट जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लविवि एवं सहयुक्त महाविद्यालय के एलएलबी इंट्रीगेटेड तृतीय सेमेस्टर की नियमित व बैक पेपर की परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। ये परीक्षा दिसंबर 2021 को आयोजित की गई थी। विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE I

अवसर | लखनऊ विश्वविद्यालय के तन्यजीवा विज्ञान संस्थान और तितली अनुसंधान केंद्र भीमताल के बीच एमओयू

तितलियों का व्यवहार और पहचान करना सीखेंगे विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) में पढ़ने वाले बीएससी, एमएससी के छात्र अब तितलियों पर विस्तार से अध्ययन कर सकेंगे। उन्हें तितलियों की पहचान, उनके व्यवहार सहित उनके बारे में कई बातें जानने का मौका मिलेगा।

इसके लिए सोमवार को विश्व प्रसिद्ध तितली संरक्षण पर विश्वविद्यालय के तन्यजीव विज्ञान संस्थान और तितली अनुसंधान केंद्र भीमताल, उत्तराखंड के बीच समझौता हुआ। इस अवसर पर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अनुसंधान केंद्र के निदेशक पीटर स्मेटाचेक ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

लविवि के अंएनजीसी सेंटर में संचालित तन्यजीव विज्ञान संस्थान की समन्वयक डा. अमिता कांडिल्य ने बताया कि इस एमओयू से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अनुसंधान केंद्र में उपलब्ध सभी सुविधाएं मिलेंगी। विद्यार्थी वहां जाकर तितलियों पर शोध कर सकेंगे। इसके अलावा वेनें संस्थान मिलकर ट्रेनिंग प्रोग्राम और वर्कशाप भी आयोजित करेंगे। हालत तो यहीं, तितलियों के अध्ययन में रुचि रखने वालों को भी इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग दी जाएगी। मौके पर टीएन एकेडमिक प्रो. रमेश सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन मौजूद रहीं।

टीएनी अनुसंधान केंद्र भीमताल के साथ एमओयू के बाद भी जानकारी देते लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • सौजन्य : लविवि

संस्थान में अनेकों तितली पौधे : लविवि के तन्यजीव विज्ञान संस्थान में जल्द ही एक तितली गैलरी भी बनाई जाएगी। संस्थान की समन्वयक प्रो. अमिता कांडिल्य ने बताया कि इस गैलरी में तितली की कोई, उनकी इनलार्वा, उनके रहने जाने के स्थान समेत सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय मछलियों से खोजेगा हड्डियों के दर्द का समाधान

जागरण संवाददाता, लखनऊ : मछलियों में 50 को उम्र के बाद होने वाली ऑस्टियो पोरोसिस (कैल्शियम की कमी से होने वाली समस्या) के निदान पर जल्द ही लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) का जंतु विज्ञान विभाग शोध शुरू करेगा। विभाग ने इसकी कार्य योजना बनाई है। इस शोध के लिए मछली के कांटिलेज का उपयोग किया जाएगा।

लविवि के जंतु विज्ञान विभाग के प्रो. एम सेरजुद्दीन मछलियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कैंसर पर शोध कर चुके हैं। अब वह ऑस्टियो पोरोसिस की समस्या पर शोध करेंगे। वह बताते हैं कि 50 से ऊपर की उम्र वाली महिलाओं में अक्सर ऑस्टियो पोरोसिस की समस्या होती है। इसमें हड्डियों में दर्द रहता है और वह कमजोर होने लगती हैं। कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए कई दवाएं हैं। अब विभाग इस की जगह मछलियों के कांटिलेज से शोध कर इसका इलाज खोजेगा।

प्रोफेसर सेरजुद्दीन बताते हैं कि समुद्र में पाई जाने वाली 80 प्रतिशत मछलियों में कैल्शियम तत्व की जगह कांटिलेज (उपास्थि ढांचा) पाया जाता है। यहीं नदी, तालाब, झील में पाई जाने वाली मछली में नेकेयर हड्डियां होती हैं। कांटिलेज के जरिए जल्द ही ऑस्टियो पोरोसिस की समस्या का निदान खोजा जाएगा।

अब कैंपस से मिलेगा अग्रिम जमा शुल्क

- लविवि ने खाते का गलत विवरण देने वाले 617 अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर की जारी
- 20 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में विश्वविद्यालय आकर ले सकते हैं बैंक ड्राफ्ट

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय बीएड प्रवेश परीक्षा-2020 की काउंसलिंग में शामिल होने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को बैंक ड्राफ्ट के जरिए जमा अग्रिम शुल्क वापस करेगा, जिन्होंने खाते का गलत विवरण भरा था। पहले इन अभ्यर्थियों से ई-मेल पर विवरण मांगा गया था, लेकिन उन्होंने नहीं भेजा। अब विश्वविद्यालय ने 20 मार्च तक इन सभी को समय दिया है। इस दौरान अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में अपना आधार कार्ड और प्रवेश पत्र की फोटो कापी के साथ आकर बैंक ड्राफ्ट ले सकते हैं।

बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि विगत वर्ष की उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 की काउंसलिंग में जिन अभ्यर्थियों को किसी भी महाविद्यालय में सीट आवंटित नहीं हो पाई थी। मुख्य काउंसलिंग में जमा किया गया 5,000 रुपये अथवा पूल काउंसलिंग में जमा किया गया 51,250 रुपये उनके बैंक खाते में भेजने थे, लेकिन 617 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन के समय खाते का विवरण गलत भर दिया था, जिससे खाते में पैसा वापस नहीं भेजा जा सका है। मौका देने के बाद भी इन अभ्यर्थियों ने अपना सही बैंक खाता विवरण नहीं उपलब्ध कराया। इसलिए तय किया गया है कि ऐसे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर से बैंक ड्राफ्ट वापस भिजवा जाएगा।

ये अभिलेख लेकर आना जरूरी : विश्वविद्यालय ने इन अभ्यर्थियों के नाम से बैंक ड्राफ्ट तैयार कर लिए हैं। इनकी सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। सूची में शामिल सभी 617 अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपना बैंक ड्राफ्ट लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग के कार्यालय में अधिकतम 20 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11 से शाम चार बजे के बीच स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से स्वयं के आधार कार्ड की मूल प्रति, एक फोटो प्रतिलिपि और अपने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 के प्रवेश पत्र की एक फोटो प्रतिलिपि लेकर उपस्थित होना पड़ेगा। अभ्यर्थी का बैंक ड्राफ्ट उसके अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जाएगा।

PIONEER PAGE 3

बीएड शुल्क पाने से वंचित छात्रों को 20 मार्च तक मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 की काउंसलिंग में शामिल होने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को बैंक ड्राफ्ट के जरिए शुल्क वापस करेगा, जिन्होंने खाते का गलत विवरण भरा था। पहले इन अभ्यर्थियों से ईमेल पर जानकारी मांगी गयी थी लेकिन विश्वविद्यालय ने अब 20 मार्च तक इन सभी को समय दिया है। इस दौरान किसी भी कार्यदिवस में वे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में अपना आधार कार्ड और प्रवेश पत्र की फोटोकॉपी के साथ आकर बैंक ड्राफ्ट ले सकते हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि विगत वर्ष की उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 की काउंसलिंग में जिन अभ्यर्थियों को किसी भी महाविद्यालय में सीट आवंटित नहीं हो पाई थी। उन्हें मुख्य काउंसलिंग में जमा किया गया 5000 रुपये अथवा पूल काउंसलिंग में जमा किया 51250 रुपये बैंक खाते में भेजना था। 617 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन के समय खाते का विवरण गलत भर दिया था, जिससे खाते में पैसा वापस नहीं भेजा जा सका है। मौका देने के बाद भी इन अभ्यर्थियों ने अपना सही बैंक खाता विवरण नहीं उपलब्ध कराया। इसलिए तय किया गया है कि ऐसे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर से बैंक ड्राफ्ट वापस भिजवा जाएगा।

IE PAGE 4

The MoU was signed by Lucknow University Vice-Chancellor Alok Kumar Rai and Butterfly Reserch Centre Director Peter Smetachek in Lucknow on Monday. *Express*

Lucknow varsity inks MoU for butterfly conservation

Lucknow: An MOU was signed between Institute of Wildlife Sciences of the University of Lucknow and Butterfly Research Centre in Bhimtal, Uttarakhand, for sharing knowledge and conducting workshops and training programmes related to butterfly biodiversity, behaviour and conservation. The MoU was signed by Lucknow University Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai and Director of Butterfly Research Centre Peter Smetachek. The Institute of Wildlife Sciences will soon develop a butterfly gallery with the help of Butterfly Research Centre. **ENS**

TRUE TIMES PAGE 2

रंगों का महोत्सव (स्प्लैश ऑफ कलरस) का आयोजन व्यापार प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया

ट्रू टाइम्स संवाददाता

रंगों का महोत्सव (स्प्लैश ऑफ कलरस) का आयोजन व्यापार प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर व डीन छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन तथा विभागाध्यक्ष प्रो संजय मेघवाली के साथ साथ विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित थे और इसका संचालन डॉ ऋचा बजपाई ने किया।

प्रो संजय मेघवाली ने छात्रों को संबोधित किया और महामारी के बाद पहले ऑफलाइन कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी और इस तरह की और गतिविधियों के लिए आश्वासन दिया। छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए गायन, नृत्य, फेस पेंटिंग, रंगोली और पोस्टर मेकिंग जैसे कई अवसर प्रदान किए गए ।

इस कार्यक्रम की सुचारुरूप रंगोली , फेस पेंटिंग तथा पोस्टर मेकिंग , सिंगिंग और डांस का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां ने सबका दिल जीता और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय से थे। रंगोली बनाने में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें राजेश, प्रीति, गौरव और ज्योत्सना की टीम ने भगवान कृष्ण की छवि बना कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अंकित और मणि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

पोस्टर बनाने में 25 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे प्रथम स्थान आराधना कान्त एवं द्वितीय स्थान सिया और मन्या ने प्राप्त किया। सोलो सिंगइंग में प्रथम स्थान खुशी शर्मा को मिला और दूसरा स्थान निखिल कुमार को मिला।

फेस पेंटिंग के जरिए प्रतिभागियों के चेहरों पर रचनात्मक कलाकृतियाँ बनाने में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे प्रथम स्थान हरहित मौर्य और ज्ञानवी ने प्राप्त किया तथा सूरज एवं विभा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

नृत्य कार्यक्रम में सोलो परफॉर्मेंस की विजेता अनन्या गुप्ता बनी एवं रीतिका श्रीवास्तव दूसरे नंबर पर रही ।

ग्रुप डांस की विजेता टीम सौम्या शुक्ला ,रिया शर्मा ,निकिताश्री, अंजली अग्रवाली और इंशा आलम बनी तथा दूसरा स्थान रोहानी, अनुष्का और जाह्नवी ने प्राप्त किया । सभी ने मनमोहक गानों पे नृत्य प्रस्तुत किया और सब का मन मोह लिया ।

इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अनुभवी फैकल्टी सदस्यों ने जज किया। डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।, जिसे डॉ अर्चना सिंह (एप्लाइड इकोनामिक्स विभाग), डॉ भुवनेश्वरी चाटुवेद (विभाग) ने जज किया। संस्कृत के), डॉ निमिषा कपूर (लुम्बा)।

होली की महक वाली मधुर प्रस्तुतियों का आनंद लिया गया और छात्रों द्वारा गीत गाए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि यादव (जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग), डॉ. वीतू भार्गव, डॉ. अनुप्रभा श्रीवास्तव (पर्यटन प्रबंधन संस्थान)।

नृत्य कार्यक्रम एकल और समूह वर्ग में आयोजित किया गया था और समय अवधि 3 मिनट थी। प्रतिभागियों ने कथक, हिप-हॉप, फ्यूजन, क्लिस्टाइल, भांगड़ा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों को लगातार 'एक बार फिर' चिल्लाते हुए सुना जा सकता था, ताल, चक्कर, रेट्रो चाल, समन्वय कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण थे और डीआर द्वारा न्याय किया गया था। गीतिका टी कपूर (वाणिज्य विभाग), डॉ. रितु नारंग (लुंबा), डॉ. अलका मित्रा (गणित विभाग)

पुरस्कार वितरण प्रो. पूनम टंडन द्वारा किया गया। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी और संकाय सदस्यों, और विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों के प्रयासों से संभव हुआ, जिन्होंने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।रंगारंग कार्यक्रम में सराबोर होकर प्रतिभागियों ने अपनी संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय और बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर भीमताल के बीच हुए समझौते

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर भीमताल के निदेशक श्री पीटर स्मेटाचेक ने आज दोनों संस्थानों के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज और भीमताल के बटरफ्लाई रिसर्च सेंटर के बीच तितलियों के बायोडायवर्सिटी से संबंधित विषयों में साथ में शोध करने, वर्कशॉप व ट्रेनिंग करने और लैब सुविधा आदान प्रदान करने को लेकर तय हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही अपनी मदद से तितली गैलरी खोलने इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज में बटरफ्लाई सेंटर की की तरफ अग्रसर है।

JAGRAN CITY PAGE III

छूटे हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी केमिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर के छूटे हुए विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए एक मौका दिया है। इनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 25 मार्च को सुबह नौ बजे से विभाग में होगी। इन विद्यार्थियों को कैशियर कार्यालय में पांच सौ रुपये जमा करके उसकी रसीद व एडमिट कार्ड लेकर आना होगा। (जागरण)

एलएलबी इंटीग्रेटेड तीसरे सेमेस्टर के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को एलएलबी इंटीग्रेटेड तीसरे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। (जागरण)

लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश छात्रावास में होली उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया • सौ : लवि

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय में सोमवार को होली मिलन समारोह मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने फिल्मी गीतों पर डांस कर खूब मस्ती की • सौ : लवि

31 जुलाई तक दाखिले, पांच अगस्त से नए सत्र की पढ़ाई

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए सत्र 2022-23 को नियमित करने की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को विश्वविद्यालय ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि 29 मार्च से 28 अप्रैल तक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कराते हुए सात मई तक परिणाम घोषित किए जाएं। वहीं, दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं भी जून से 15 जुलाई तक कराते हुए 31 तक परिणाम जारी किए जाएं।

नए सत्र के दाखिले 31 जुलाई तक पूरा करते हुए पांच अगस्त से पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह की ओर से परिसर एवं महाविद्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है।

दो वर्ष से कोविड के कारण शैक्षिक सत्र नियमित नहीं हो पाया है। इस बार भी प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई चार अक्टूबर से शुरू हो पाई थी। वहीं, नए सत्र के दाखिले भी अक्टूबर के बाद तक हुए थे। तीसरी लहर ने दिसंबर-2021 की परीक्षाओं पर ब्रेक लगा दिया था। फरवरी से परीक्षाएं शुरू हो पाई हैं। सोमवार को अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग के साथ हुई बैठक के बाद शाम को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सत्र को नियमित करने के लिए समय सारिणी तय की गई है। नए सत्र में स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में दाखिले की प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी की जाएगी।